Pt. Deen Dayal Upadhyay Govt. Girl's Degree College, Sewapuri, Varanasi

Code of Conduct

अनुशासन सम्बन्धी निर्देश

निम्नांकित नियमों का अनुपालन छात्राओं के लिए अनिवार्य है। जो छात्राएँ इनका उल्लंघन करेंगी, उनके विरुद्ध महाविद्यालय प्रशासन अनुशासनात्मक/दण्डात्मक कार्यवाही करेगा।

(1) महाविद्यालय में सभी छात्राओं को अपना परिचय-पत्र सदैव साथ में रखना अनिवार्य है।

(2) यदि छात्राएँ अपनी निर्धारित कक्षा के अतिरिक्त किसी अन्य कक्षा में पायी जायेंगी तो इसे अनुशासन-हीनता मानी जायेगी।

(3) पुस्तकालय, कार्यालय इत्यादि से सम्बन्धित कार्यों को करने के लिए पंक्तिबद्ध होना आवश्यक है।

(4) कक्षा में अध्ययन-अध्यापन में व्यवधान उत्पन्न करना अनुशासनहीनता के दायरे में आता है।

(5) कक्षा में छात्राओं की कम से कम 75% उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।

(6) महाविद्यालय की सम्पत्ति को हानि पहुँचाना, सौन्दर्य को नष्ट करना, अनावश्यक शोर मचाना, श्यामपट्ट पर अनावश्यक लिखना, सूचना-पट्ट पर निर्गत सूचना को नष्ट करना अनुशासनहीनता है; दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही हो सकती है।

(7) महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा मोबाइल का प्रयोग वर्जित है।

(8) वाहन स्टैण्ड के बाहर परिसर में इधर-उधर वाहन खड़ा करना मना है। उल्लंघन की स्थिति में आर्थिक दण्ड भी दिया जा सकता है।

(9) छात्राओं से यह अपेक्षा की जाती है कि महाविद्यालय के शिक्षक गण एवं अन्य कर्मचारियों के साथ उनका व्यवहार विनम्र एवं नैतिकतापूर्ण हो।

Principal